THU, 13 MARCH 2025
EDITION: GURGAON, PAGE NO. 4



# ईएसआईसी गुड़गांव को श्रेष्ठ सेवाओं के लिए किया सम्मानित

## सामाजिक न्याय पर दो दिवसीय क्षेत्रीय वार्ता के उद्घाटन अवसर पर यह सम्मान प्रदान किया गया

**■ ईएसआईसी ने पिछले वर्ष के आंकड़ों के अनुसार, विभिन्न हितलाभ श्रेणियों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की**

गुड़गांव, 12 मार्च (संजय): केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने नई दिल्ली में सामाजिक न्याय के लिए वैश्विक गठबंधन और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के 74वें स्थापना दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय पर दो दिवसीय क्षेत्रीय वार्ता का उद्घाटन किया।

इस प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वार्ता के उद्घाटन सत्र में श्रम व रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे, सचिव (श्रम एवं रोजगार) सुमिता डावरा व अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के महानिदेशक गिल्बर्ट एफ. हुंगबो मौजूद रहें। साथ ही इस अवसर पर ईएसआईसी के महानिदेशक अशोक कुमार सिंह (आईएएस) भी मंच पर मौजूद रहें।



*ईएसआईसी कार्यालय प्रमुख को सम्मानित करते केन्द्रीय मंत्री।*

इस संदर्भ में, दो दिवसीय क्षेत्रीय वार्ता कार्यक्रम का आयोजन श्रम एवं रोजगार मंत्रालय व कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा सामाजिक न्याय के लिए वैश्विक गठबंधन व अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन एवं उद्योग परिसंघ (सीआईआई), भारतीय नियोक्ता संघ (ईएफआई) के सहयोग से किया गया। उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम को श्रेष्ठ कार्य निष्पादन व सेवाओं के लिए उप-विजेता घोषित किया गया।

केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा कार्यालय प्रमुख सुनील यादव, संयुक्त निदेशक को शील्ड व प्रमाण-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

पिछले साल दर्ज किए गए नवीनतम संख्यात्मक आंकड़ों के अनुसार, कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने अपने हितलाभों के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। बीमारी हितलाभ (एसबी) श्रेणी के तहत लगभग 4620 दावों का निपटान किया गया। समानांतर रूप से, अस्थायी विकलांगता हितलाभ (टीडीबी) के तहत लगभग 669 दावे दर्ज किए। स्थायी विकलांगता हितलाभ (पीडीबी) के तहत लगभग 27138 दावों का निपटान किया। जबकि आश्रित हितलाभ (डीबी) के तहत लगभग 12217 दावों का निपटान किया गया। उल्लेखनीय यह है कि अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना (एबीवीकेवाई) ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

जिसमें लाभार्थियों की संख्या लगभग 457 तक बढ़ गई। केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि देश में सबसे व्यापक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में से एक का संचालन करने वाली ईएसआईसी, श्रमिकों व उनके परिवारों को चिकित्सा देखभाल, मातृत्व लाभ व वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

स्थापना दिवस समारोह में ईएसआईसी की उपलब्धियों व इसकी सेवाओं व कवरेज को मजबूत करने के लिए भविष्य के रोडमैप पर प्रकाश डाला गया।